27

# बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय,झाँसी

कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 28.07.2022 को मध्याह्न 12:00 बजे की कार्यवाही एवं सदस्यों की उपस्थिति–

| क्र. | नाम | पद | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो0 मुकेश पाण्डेय | कुलपति / अध्यक्ष | |
| 2. | मा0 न्यायमूर्ति श्री पी0के0एस0बघेल(से0नि0) | कुलाधिपति नामित सदस्य | |
| 3. | प्रो0अनिल कुमार शुक्ला, | कुलाधिपति नामित सदस्य | |
| 4. | डा0 विजय खैरा | कुलाधिपति नामित सदस्य | |
| 5. | डा0 डी0 वी0 सरदेसाई | कुलाधिपति नामित सदस्य | online |
| 6. | प्रो0 अर्चना वर्मा | संकायाध्यक्ष–वाणिज्य / सदस्य | |
| 7. | प्रो0 अर्चना वर्मा | आचार्य / सदस्य | |
| 8. | प्रो0 आर0के0सैनी | आचार्य / सदस्य | |
| 9. | प्रो0एम0एम0सिंह | आचार्य / विशेष आमंत्री सदस्य | 28/07/22 |
| 10. | डा0 डी0के0भट्ट | सह आचार्य / सदस्य | |
| 11. | डा0 आलोक वर्मा | सहआचार्य / विशेष आमंत्री सदस्य | |
| 12. | डा0 श्री हरि त्रिपाठी | सहायक आचार्य / सदस्य | 28.7.22 |
| 13. | डा0एस.एस.सिंह | प्राचार्य / सदस्य | |
| 14. | डा0 एस.आर.रजक | प्राचार्य / सदस्य | 28.7.2022 |
| 15. | प्रो0सुशील बाबू | प्राचार्य / सदस्य | online |
| 16. | डा0 एस0के0यादव | प्राध्यापक / सदस्य | 28.7.2022 |
| 17. | डा0 दीप्ती भदौरिया | प्राध्यापक / सदस्य | 28/7/22 |
| 18. | श्री वसी मोहम्मद | वित्त अधिकारी | 28/07/2022 |
| 19- | श्री विनय कुमार सिंह | कुलसचिव / सचिव | |
| 20- | प्रो० एम०पी० सिंह | निदेशक आई.क्यू.ए.सी. विशेष आमंत्री सदस्य | |

(28)

# बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय,झाँसी

कार्य परिषद् की बैठक 03/2022 दिनांक 28.07.2022 मध्याह्न 12:00 बजे की कार्यवाही –

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 मुकेश पाण्डेय | कुलपति/अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0अनिल कुमार शुक्ला | कुलाधिपति नामित सदस्य |
| 3. | डा0 विजय खैरा | कुलाधिपति नामित सदस्य |
| 4. | डा0 डी0 वी0 सरदेसाई | कुलाधिपति नामित सदस्य (ऑनलाइन) |
| 5. | प्रो0 अर्चना वर्मा | संकायाध्यक्ष–वाणिज्य/सदस्य |
| 6. | प्रो. एस. पी. सिंह | निदेकश, एकेडमिक/ विशेष आमंत्री सदस्य |
| 7. | प्रो0 अर्चना वर्मा | आचार्य /सदस्य |
| 8. | प्रो0 आर0के0सैनी | आचार्य /सदस्य |
| 9. | प्रो0एम0एम0सिंह | आचार्य/**विशेष आमंत्री सदस्य** |
| 10. | डा0 डी0के0भट्ट | सह आचार्य/सदस्य |
| 11. | डा0 आलोक वर्मा | सहआचार्य/**विशेष आमंत्री सदस्य** |
| 12. | डा0 श्री हरि त्रिपाठी | सहायक आचार्य/सदस्य |
| 13. | डा0एस.एस.सिंह | प्राचार्य/सदस्य |
| 14. | डा0 एस.आर.रजक | प्राचार्य/सदस्य |
| 15. | प्रो0सुशील बाबू | प्राचार्य/सदस्य (ऑनलाइन) |
| 16. | डा0 एस0के0यादव | प्राध्यापक/सदस्य |
| 17. | डा. दीप्ति भदौरिया | प्राध्यापिका / सदस्य |
| 18. | श्री वसी मोहम्मद | वित्त अधिकारी |
| 19. | श्री विनय कुमार सिंह | कुलसचिव/सचिव |

सर्वप्रथम परिषद् द्वारा अपने पूर्व सदस्य डा. नीलम कुमार सिंह की अधिवर्षता पूर्ण होने पर परिषद् के सदस्य के रूप में उनके द्वारा विश्वविद्यालय को दिये गये सहयोग हेतु धन्यवाद दिया गया साथ ही उनके स्थान पर पर नियुक्त डा. दीप्ति भदौरिया – प्राध्यापिका, आर्य कन्या महाविद्यालय, झाँसी को परिषद् का सदस्य नामित होने पर उनकी प्रथम बैठक में स्वागत किया गया।

**कार्यवाही –**

1. **कार्य परिषद् की पूर्व बैठक दिनांक 30.03.2022 एवं 06.06.2022(आकस्मिक) की कार्यवाहियों की सम्पुष्टि पर विचार।**

   परिषद् द्वारा अपनी पूर्व बैठक दिनांक 30.03.2022 एवं 06.06.2022 (आकस्मिक) की कार्यवाहियों की सर्वसम्मति से सम्पुष्टि की गई।

2. **परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 07.04.2022, 08.04.2022, 09.04.2022, 29.04.2022, 25.05.2022 एवं 14.06.2022 की कार्यवाहियों के अनुमोदन पर विचार।**

   परिषद् द्वारा **परीक्षा समिति की बैठक दिनांक** 07.04.2022, 08.04.2022, 09.04.2022, 29.04.2022, 25.05.2022 एवं 14.06.2022 की कार्यवाहियों का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

3. **प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 04.07.2022 की कार्यवाही के अनुमोदन पर विचार।**



Appd
28/7/2022

28/07/022

Scanned with OKEN Scanner

परिषद् द्वारा प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 04.07.2022 की कार्यवाही का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। (29)

4. **वित्त समिति की बैठक दिनांक 26.07.2022 की कार्यवाही के अनुमोदन पर विचार।**

परिषद् द्वारा वित्त समिति की बैठक दिनांक 26.7.2022 की कार्यवाही का सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

5. **विद्या परिषद् की बैठक दिनांक. 27.07.2022 की कार्यवाही के अनुमोदन पर विचार।**

परिषद् द्वारा सर्वसम्मति से विद्या परिषद् की बैठक दिनांक 27.07.2022 की कार्यवाही का अनुमोदन किया गया। परिषद् को संसूचित किया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक उन्ननयन हेतु विभिन्न अन्य विश्वविद्यालयों, उच्च शिक्षण संस्थाओं, एन.जी.ओ. एवं अन्य सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं के संलग्न सूची में एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित किये गये हैं। परिषद् द्वारा उक्त पर हर्ष व्यक्त किया गया।

6. **शासन के आदेश संख्या–121/सत्तर–5–2021–04/2021 दिनांक 15.01.2021 के कम में विश्वविद्यालय के क्षेत्रान्तर्गत संघटक राजकीय महाविद्यालय की सामान्य व्यवस्था, प्रशासनिक व्यवस्था,वित्तीय व्यवस्था एवं शिक्षण व्यवस्था के संचालन हेतु एक शाषी–परिषद का गठन एवं दायित्वों सम्बन्धी नियमावली परिषद् के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

परिषद् द्वारा शासन के आदेश संख्या–121/सत्तर–5–2021–04/2021 दिनांक 15.01.2021 के कम में विश्वविद्यालय के क्षेत्रान्तर्गत संघटक राजकीय महाविद्यालय की सामान्य व्यवस्था, प्रशासनिक व्यवस्था, वित्तीय व्यवस्था एवं शिक्षण व्यवस्था के संचालन हेतु एक शाषी–परिषद का गठन एवं दायित्वों सम्बन्धी नियमावली का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

7. **पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग में सीधी भर्ती के अन्तर्गत सहायक आचार्य (UR-01, SC-01) एवं सह आचार्य (UR-01) के पदों पर चयन हेतु दिनांक 08.07.2022 को आहूत चयन समिति के समक्ष हुए साक्षात्कार के उपरान्त समिति द्वारा की गई संस्तुतियों का बन्द लिफाफा परिषद् के समक्ष खोले जाने पर विचार।**

पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग में सीधी भर्ती के अन्तर्गत सहायक आचार्य (UR-01, SC-01) एवं सह आचार्य (UR-01) के पदों पर चयन हेतु दिनांक 08.07.2022 को आहूत चयन समिति के समक्ष हुए साक्षात्कार के उपरान्त समिति द्वारा की गई संस्तुतियों का बन्द लिफाफा परिषद् के समक्ष खोला गया। चयन समिति द्वारा निम्नवत संस्तुति की गई –

| क्रम | पद | अभ्यर्थी का नाम |
|---|---|---|
| 1. | सहायक आचार्य UR-01, | **चयनित** – डा. ज्योति गुप्ता<br>**प्रतीक्षा सूची में** – श्री आशुतोष अग्रहारी |
| 2. | सहायक आचार्य (SC-01) | **चयनित** – श्री रूपेन्द्र सिंह<br>**प्रतीक्षा सूची में** – श्री अश्वनी कुमार |
| 3. | सह – आचार्य (UR-01) | **चयनित** – डा. रितु सिंह |

परिषद् द्वारा चयन समिति की उपर्युक्त संस्तुतियों को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया।

28/7/2022 28/7/22

(30)

8. केन्द्रीय पुस्तकालय में कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम के अन्तर्गत स्टेज–3 से स्टेज–4 में प्रोन्नति हेतु दिनांक 08.07.2022 को आहूत चयन समिति के समक्ष हुए साक्षात्कार के उपरान्त समिति द्वारा की गई संस्तुति का बन्द लिफाफा परिषद् के समक्ष खोले जाने पर विचार।

केन्द्रीय पुस्तकालय में कार्यरत डा. श्रीदेवी – उप पुस्तकालयाध्यक्ष को कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम के अन्तर्गत स्टेज–3 से स्टेज–4 में प्रोन्नति हेतु दिनांक 08.07.2022 को आहूत चयन समिति के समक्ष हुए साक्षात्कार के उपरान्त समिति द्वारा की गई संस्तुति का बन्द लिफाफा परिषद् के समक्ष खोला गया। चयन समिति द्वारा निम्नवत संस्तुति की गई –

> 'Dr. J. Sri Devi may be considered for promotion of Dy. Librarian Stag - 3 to Stage -4 (AGP 8000 to 9000)'

परिषद् द्वारा चयन समिति की उपर्युक्त संस्तुतिं के कम में डा. जे. श्रीदेवी को आई.क्यू.ए.सी. द्वारा निर्धारित तिथि दिनांक 23.12.2011 से उक्त देयता का अनुमोदन किया।

9. पर्यावरण विज्ञान विभाग में कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम के अन्तर्गत स्टेज–3 से स्टेज–4 में सहआचार्य के पद पर प्रोन्नति हेतु दिनांक 11.07.2022 को आहूत चयन समिति के समक्ष हुए साक्षात्कार के उपरान्त समिति द्वारा की गई संस्तुतियों का बन्द लिफाफा परिषद् के समक्ष खोले जाने पर विचार।

परिषद् के समक्ष पर्यावरण विज्ञान विभाग में कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम के अन्तर्गत स्टेज–3 से स्टेज–4 में सहआचार्य के पद पर प्रोन्नति हेतु दिनांक 11.07.2022 को आहूत चयन समिति के समक्ष हुए साक्षात्कार के उपरान्त समिति द्वारा की गई संस्तुतियों का बन्द लिफाफा परिषद् के समक्ष खोला गया। समिति द्वारा निम्नलिखित संस्तुति की गई :–

> 'आन्तरिक गुणवत्ता सुनिश्चय प्रकोष्ठ द्वारा मूल्यांकन के उपरान्त अभ्यर्थी के सभी अभिलेखों का परीक्षण कियागया। सर्व सम्मति से अभ्यर्थी डा. विनीत कुमार – सहायक आचार्य को स्टेज 4 (एसोसिएट प्रोफेसर) में दिनांक 12.05.2015 से (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दसवें प्लान के अन्तर्गत प्राप्त पद में) CAS के तहत प्रोन्नति करने की संस्तुति की जाती है। यह प्रोन्नति शासन के निर्देश / आदेश से आच्छादित होगी।

परिषद् द्वारा चयन समिति की उपर्युक्त संस्तुति का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

10. **खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग में सीधी भर्ती के अन्तर्गत सहायक आचार्य (UR-01) एवं सह आचार्य (UR-01) के पदों पर नियुक्ति हेतु दिनांक 20.07.2022 को आहूत चयन समिति के समक्ष हुए साक्षात्कार के उपरान्त समिति द्वारा की गई संस्तुतियों का बन्द लिफाफा परिषद् के समक्ष खोले जाने पर विचार।**

खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग में सीधी भर्ती के अन्तर्गत सहायक आचार्य (UR-01) एवं सह आचार्य (UR-01) के पदों पर नियुक्ति हेतु दिनांक 20.07.2022 को आहूत चयन समिति के समक्ष हुए साक्षात्कार के उपरान्त समिति द्वारा की गई संस्तुतियों का बन्द लिफाफा परिषद् के समक्ष खोला गया। समिति द्वारा निम्नलिखित संस्तुति की गई –

| कम | पद | अभ्यर्थी का नाम |
|---|---|---|
| 1. | सहायक आचार्य UR-01, | NFS |
| 2. | सह – आचार्य (UR-01) | चयनित – डा. नुपूर गौतम<br>प्रतीक्षा सूची में – 1. डा. रविन्द्र कौशिक<br>2. डा. आलोक सक्सेना |

परिषद् द्वारा चयन समिति की उपर्युक्त संस्तुतियों का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

Appr
20.07.2022

28/07/22

Scanned with OKEN Scanner

**11. खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग में कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम के अन्तर्गत स्टेज–4 से स्टेज–5 में आचार्य के पद पर प्रोन्नति हेतु दिनांक 20.07.2022 को आहूत चयन समिति के समक्ष हुए साक्षात्कार के उपरान्त समिति द्वारा की गई संस्तुति का बन्द लिफाफा परिषद् के समक्ष खोले जाने पर विचार।**

परिषद् के समक्ष खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग में कार्यरत डा. डी. के. भट्ट – सह आचार्य, कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम के अन्तर्गत स्टेज–4 से स्टेज–5 में आचार्य के पद पर प्रोन्नति हेतु दिनांक 20.07.2022 को आहूत चयन समिति के समक्ष हुए साक्षात्कार के उपरान्त समिति द्वारा की गई संस्तुति का बन्द लिफाफा परिषद् के समक्ष खोला गया। समिति द्वारा निम्नलिखित संस्तुति की गई –

'Recommended for promotion to Prof Stage IV to V - Dr. D. K. Bhatt'

परिषद् द्वारा चयन समिति की उपर्युक्त संस्तुति के कम में डा. डी. के. भट्ट को आई.क्यू.ए.सी. द्वारा निर्धारित तिथि दिनांक 28.02.2017 से स्टेज–4 से स्टेज–5 में आचार्य के पद पर प्रोन्नति एवं देयता का अनुमोदन किया।

**(डा. डी. के. भट्ट जो परिषद् के सदस्य है, स्वयं से सम्बन्धित होने के कारण उपर्युक्त बिन्दु पर विचार विमर्श होने के दौरान वह कक्ष से बाहर चले गये। बिन्दु पर कार्यवाही समाप्त होने के पश्चात उन्हें वापस सम्मिलित होने हेतु बुला लिया गया। )**

12. विश्वविद्यालय के स्थाई विभागों (पर्यटन एवं होटल प्रबन्धन, व्यापार प्रशासन, बैंकिंग, अर्थशास्त्र एवं वित्त एवं हिन्दी) में कार्यरत सहायक आचार्यों की कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम के अंतर्गत स्टेज –1 से 2 तथा स्टेज 2 से 3 में प्रोन्नति हेतु दिनांक 26.07.2022 को आहूत चयन समितियों के समक्ष हुये साक्षात्कारों के उपरान्त समिति द्वारा की गई संस्तुतियों के बन्द लिफाफे परिषद् के समक्ष खोले जाने पर विचार।

परिषद् के समक्ष विश्वविद्यालय के स्थाई विभागों (पर्यटन एवं होटल प्रबन्धन, व्यापार प्रशासन, बैंकिंग, अर्थशास्त्र एवं वित्त एवं हिन्दी) में कार्यरत सहायक आचार्यों की कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम के अंतर्गत स्टेज –1 से 2 तथा स्टेज 2 से 3 में प्रोन्नति हेतु दिनांक 26.07.2022 को आहूत Screening cum Evaluation Committee के समक्ष हुये साक्षात्कारों के उपरान्त समिति द्वारा की गई संस्तुतियों के बन्द लिफाफे खोले गये। समिति द्वारा सम्बन्धित शिक्षक के नाम के सम्मुख की गई संस्तुतियां निम्नवत हैं –

| कम | शिक्षक का नाम | नियुक्ति की तिथि/ देय तिथि | समिति की संस्तुति |
|---|---|---|---|
| 1. | डा. अचला पाण्डेय सहायक आचार्य | दिनांक 18.10.2016 देय तिथि दिनांक 22.10.2020 | डा. श्रीहरि त्रिपाठी तथा डा. अचला पाण्डेय असिस्टेंट प्रोफेसर – हिन्दी को सुनिश्चित कैरियर प्रोन्नयन के अंतर्गत स्टेज 1 (AGP 6000/–) से स्टेज 2 AGP 7000/–) में प्रोन्नति की संस्तुति की जाती है। |
| 2. | डा. श्रीहरि त्रिपाठी सहायक आचार्य | दिनांक 18.10.2016 देय तिथि दिनांक 22.10.2020 | |
| 3. | डा. अतुल गोयल सहायक आचार्य | दिनांक 24.11.2016 देय तिथि दिनांक 13.02.2021 | Dr. Era Tiwari and Dr. Atul Goyal be promoted under CAS Stage 01 to 02 (AGP 6000 to AGP 7000) respectably dated Dr. Era Tiwari - 30.11.2020 Dr. Atul Goyal - 13-02-2021 |
| 4. | डा. ईरा तिवारी सहायक आचार्य | दिनांक 30.11.2016 देय तिथि दिनांक 30.11.2020 | |
| 5. | डा. महेन्द्र सिंह | दिनांक 10.2010 | Dr. Mahedra Singh, Astt Professor be |



28/7/22

30.07.2022

Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| | सहायक आचार्य | देय तिथि<br>दिनांक 03.12.2021 | promoted under CAS from Stage 2 to 3 |
| 6. | डा. शिप्रा सक्सेना<br>सहायक आचार्य | दिनांक 10.2010<br>देय तिथि<br>दिनांक 16.02.2020 | Dr. Shipra Saxena has Successfully defended her interview and recommnded for promotion under CAS w.e.f. 16-02-2020 (Stage 2/AGP Rs. 7000/- to Stage 3/AGP Rs. 8000/- |

32

उपर्युक्त शिक्षकों के सम्बन्ध में उनके नाम के सम्मुख अंकित संस्तुतियों का परिषद् द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

(डा. श्रीहरि त्रिपाठी जो परिषद् के सदस्य है, स्वयं से सम्बन्धित होने के कारण उपर्युक्त बिन्दु पर विचार विमर्श होने के दौरान वह कक्ष से बाहर चले गये। बिन्दु पर कार्यवाही समाप्त होने के पश्चात उन्हें वापस सम्मिलित होने हेतु बुला लिया गया।)

13. हिन्दी विभाग में कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम के अन्तर्गत स्टेज–4से स्टेज–5 में आचार्य पद पर प्रोन्नति हेतु दिनांक 27.07.2022 को आहूत चयन समिति के समक्ष हुए साक्षात्कार के उपरान्त समिति द्वारा की गई संस्तुतियों का बन्द लिफाफा परिषद् के समक्ष खोले जाने पर विचार।

परिषद् के समक्ष हिन्दी विभाग में कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम के अन्तर्गत स्टेज–4से स्टेज–5 में आचार्य पद पर प्रोन्नति हेतु दिनांक 27.07.2022 को आहूत चयन समिति के समक्ष हुए साक्षात्कार के उपरान्त समिति द्वारा दो शिक्षक डा. मुन्ना तिवारी तथा डा. पुनीत बिसारिया के सम्बन्ध में निम्नवत संस्तुति की गई –

> 'डा. **मुन्ना तिवारी**, सह आचार्य, हिन्दी विभाग, बु.वि. को CAS के अन्तर्गत आई.क्यू.ए.सी. की रिपोर्ट एंव हमारे द्वारा लिये गये साक्षात्कार के आधार पर दिनांक 19.10.2019 से AGP लेबेल 9000/– से 10000/– प्रोफेसर पद पर प्रोन्नति की संस्तुति की जाती है।
>
> प्रपत्रों के आधार पर पूर्व सेवा की गणना करने की कार्यवाही एवं नियमानुसार सेवा जुड़ने के उपरान्त सम्बन्धित तिथि से देय लाभ (पद सहित) देने की संस्तुति की जाती है।
>
> **डा. पुनीत बिसारिया,** सह आचार्य, हिन्दी विभाग, बु.वि. को CAS के अन्तर्गत आई.क्यू.ए. सी. की रिपोर्ट एवं हमारे द्वारा लिये गये साक्षात्कार के आधार पर दिनांक 20.10.2019 से AGP लेबेल 9000/– से 10000/– प्रोफेसर पद पर प्रोन्नति की संस्तुति की जाती है।
>
> प्रपत्रों के आधार पर पूर्व सेवा की गणना करने की कार्यवाही एवं नियमानुसार सेवा जुड़ने के उपरान्त सम्बन्धित तिथि से देय लाभ (पद सहित) देने की संस्तुति की जाती है।

परिषद् द्वारा उपर्युक्त संस्तुतियों का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

**14. डी0लिट/डी0एस–सी0/एल0एल0डी0 के अध्यादेश निर्मित करने पर विचार। (विद्या परिषद् की बैठक दिनांक 27.07.2022 में प्राप्त सुझावों सहित)**

परिषद् द्वारा डी0लिट/डी0एस–सी0/एल0एल0डी0 के अध्यादेश का अनुमोदन किया गया तथा उक्त अध्यादेश को माननीया कुलाधिपति एवं श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश के कृपापूर्ण अनुमोदन हेतु राजभवन प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया।



Appl
20.07.2022

28/07/22

15. सम्बद्धता समिति की बैठक दिनांक 09.05.2022 एवं 19.05.2022 की कार्यवाहियॉं परिषद् के समक्ष संसूचित किया जाना।

परिषद् सम्बद्धता समिति की बैठक दिनांक 09.05.2022 एवं 19.05.2022 की कार्यवाहियों से सूचित हुई।

16. अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दु–

(1) उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 44 में दिये गये प्रावधान के अनुसार आवश्यकता के दृष्टिगत विश्वविद्यालय में Institute of Professional & Vocational Studies की स्थापना पर विचार।

परिषद् द्वारा सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय में Institute of Professional & Vocational Studies की स्थापना पर अपनी सहमति प्रदान की।

(2) भवन निर्माण समिति की बैठक दिनांक 25..07.2022 की कार्यवाही के अनुमोदन पर विचार।

परिषद् द्वारा सर्वसम्मति से भवन निर्माण समिति की बैठक दिनांक 25.07.2022 की कार्यवाही का अनुमोदन किया गया।

(3) प्रो. प्रतीक अग्रवाल – आचार्य, पर्यटन एवं होटल प्रबन्धन विभाग के विरूद्ध शिकायती पत्र दिनांक 22.02.2022 पर गठित जॉच समिति की जॉच रिपोर्ट पर कार्यवाही पर विचार।

कुलसचिव ने अवगत कराया कि पर्यटन एवं होटल प्रबन्धन विभाग में कार्यरत टी. ए. सुश्री समीन खान ने तत्कालीन विभागाध्यक्ष प्रो. प्रतीक अग्रवाल – आचार्य के विरूद्ध शिकायती पत्र दिनांक 22.02.2022 को माननीय कुलपति जी को प्रस्तुत किया। जिसके दृष्टिगत दिनांक 22.02.2022 को निम्नलिखित प्रारम्भिक जॉच समिति का गठन किया गया।

1. प्रो. सी. बी. सिंह– संकायाध्यक्ष, कला
2. प्रो. अर्चना वर्मा – संकायाध्यक्ष, वाणिज्य एवं अध्यक्ष, ग्रेवांश प्रकोष्ठ
3. डा. रितु सिंह – वरिष्ठ सहायक आचार्य,पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग।

उपर्युक्त समिति द्वारा की गई प्रारम्भिक जॉच के दौरान प्रकरण की गम्भीरता एवं संवेदनशीलता के दृष्टिगत माननीय कुलपति जी द्वारा उपरोक्त तीन सदस्यीय समिति को विस्तारित करते हुये हेतु निम्नलिखित जॉच समिति गठित की गई–

1. माननीय न्यायमूर्ति श्री पी. के. एस. बघेल –मा.कुलाधिपति नामित कार्य परिषद् सदस्य।
2. डा. डी. वी. सरदेसाई – माननीया कुलाधिपति नामित कार्य परिषद् सदस्य।
3. प्रो. सी. बी. सिंह – संकायाध्यक्ष, कला
4 प्रो. अर्चना वर्मा – संकायाध्यक्ष, वाणिज्य एवं अध्यक्ष, ग्रेवांश प्रकोष्ठ
5. डा. रितु सिंह – व. स. आचार्य,पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग।

प्रारम्भिक जांच के दौरान तात्कालिक कार्यवाही करते हुये विश्वविद्यालय द्वारा प्रो. प्रतीक अग्रवाल – विभागाध्यक्ष, पर्यटन एवं होटल प्रबन्धन विभाग को उनके पास अपने विभागीय कार्यों के अतिरिक्त विश्वविद्यालय के जिन अन्य पदों का अतिरिक्त प्रभार था, उन सभी पदों से उन्हें कार्यमुक्त कर दिया गया। जिन पदों से प्रो. प्रतीक अग्रवाल को कार्यमुक्त किया गया उनका विवरण निम्नवत है–



Scanned with OKEN Scanner

1. विश्वविद्यालय के पत्र संख्या बु.वि./प्रशा./2022/15341–47 दिनांक 24.03.2022 से समन्वयक, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के पद से।
2. विश्वविद्यालय के पत्र संख्या बु.वि./प्रशा./2022/15348–54 दिनांक 24.03.2022 द्वारा विभागाध्यक्ष – पर्यटन एवं होटल प्रबन्धन विभाग के पद से।
3. विश्वविद्यालय के पत्र संख्या बु.वि./प्रशा./2022/15355–61 दिनांक 24.03.2022 द्वारा संकायाध्यक्ष – वाणिज्य के पद से।
4. विश्वविद्यालय के पत्र संख्या बु.वि./प्रशा./2022/15362–68 दिनांक 24.03.2022 से समन्वयक, प्रवेश के पद से।
5. विश्वविद्यालय के पत्र संख्या बु.वि./प्रशा./2022/15369–76 दिनांक 24.03.2022 समन्वयक, पुरातन छात्र संगठन के पद से।
6. विश्वविद्यालय के पत्र संख्या बु.वि./प्रशा./2022/15377–83 दिनांक 24.03.2022 से प्रमुख विश्वविद्यालय सेवायोजन सूचना एवं मंत्रणा केन्द्र तथा मॉडल कैरियर काउंसलिंग सेन्टर के पद से।
7. विश्वविद्यालय के पत्र संख्या बु.वि./प्रशा./2022/15384–90 दिनांक 24.03.2022 प्रोवोस्ट, समस्त पुरूष छात्रावास के पद से।

उपरोक्त क्रम में गठित जॉच समिति की कई बैठकें सम्पन्न होने के उपरान्त जॉच समिति द्वारा जॉच आख्या दिनांक 31.05.2022 प्रस्तुत की गई है। जॉच समिति द्वारा निम्नवत संस्तुति की गई–

CONCULDING REMARKS -

"On the facts mentioned above and the seriousness of the matter specially when happened in an educational institution, the committee recommended that case can be put before disciplinary committee of the University. "

जॉच समिति की उपर्युक्त संस्तुति को परिषद् द्वारा संज्ञान में लेते हुये सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रो. प्रतीक अग्रवाल – आचार्य, पर्यटन एवं होटल प्रबन्धन विभाग को उनके आचार्य के पद से तत्काल प्रभाव से निलम्बित करते हुये उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय परिनियम 8.01 में दी गई व्यवस्था के अंतर्गत निम्नलिखित अनुशासन समिति गठित की जाये–

1. सेवानिवृत्त न्यायाधीश – अध्यक्ष (कुलपति द्वारा नामित किये जायेंगे)
2. डा. विजय खैरा – माननीया कुलाधिपति द्वारा नामित कार्य परिषद् सदस्य।
3. प्रो. सुनीता मिश्रा – आचार्या, डा. बी. आर. आम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ
4. सहायक कुलसचिव (प्रशा) – प्रस्तोता अधिकारी।

उपर्युक्त समिति यथाशीघ्र अपनी जॉच आख्या प्रस्तुत करेगी।

अन्त में सधन्यवाद बैठक सम्पन्न हुई।

28/07/22
(प्रो. मुकेश पाण्डेय)
कुलपति

28.07.2022
(विनय कुमार सिंह)
कुलसचिव